>

Title: Need to declare Nawada in Bihar as a drought affected area.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आसन की अनुमति से निम्नलिखित विषय पर आसन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। भारतवर्ष में बिहार राज्य के अन्तर्गत नवादा जिला आजादी के बाद से शाश्वत भयानक सुखाड़ का जिला रहा है। इस जिले में कौआकोल, गोविन्दपुर, रोह, पकड़बरावां, काशीचक, नवादा, नारदीगंज आदि प्रखण्डों में जमीन के नीचे पानी की सतह नहीं है, बल्कि नीचे पहाड़ की शृंखलाएं बनी हुई हैं। नवादा जिले में बादलों का आना-जाना भी नहीं होता है। वहां मृत पहाड़ हैं और नदियां स्वयं प्यासी हैं।

पूर्व में केन्द्र सरकार ने इसे सुखाड़ग्रस्त जिले के रूप में मान्यता देकर कल्याणकारी कदम उठाने का प्रयास किया था। वह भी अब स्थगित है। बिहार सरकार ममता रखते हुए कुछ भी सांगठनिक रूप से करने में असमर्थ रही है। इस अवस्था में 25 लाख की आबादी का यह जिला प्यासा है, भूखा है और प्रकृति की मार से तार-तार है।

हम केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि नवादा, जो क्रॉनिक सुखाड़ग्रस्त क्षेत्र है, आम जन के लिए पेयजल मुहैया कराने के लिए गम्भीरता से कदम उठाये। मैं इस ओर आसन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं।